## आयुष्मान वय वंदना कार्ड

प्रधानमंत्री द्वारा आयुष्मान भारत **प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई)** के तहत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड के जरिए स्वास्थ्य बीमा कवरेज शुरू किया गया।

**प्रमुख बिंदु-**

- आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के एक भाग के रूप में **आयुष्मान वय वंदना कार्ड** की शुरुआत की गयी।
- अपनी वित्तीय स्थिति या आय की परवाह किए बिना, **70 वर्ष या उससे अधिक आयु** के सभी लोग इस विस्तारित योजना के तहत **सालाना 5 लाख रुपये तक के मुफ्त स्वास्थ्य कवरेज** के लिए पात्र हैं।
- यह विस्तार हांल ही में प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई **12,850 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य परियोजनाओं का हिस्सा** है।
- **लाभार्थी :** इससे 60 मिलियन वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलने की उम्मीद है।
- **उद्देश्य :** इस कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है, क्योंकि उनमें से कई लोगों को महंगी चिकित्सा उपचार से गुजरना पड़ता है।

**आयुष्मान वय वंदना कार्ड क्या है?**

- आयुष्मान वय वंदना कार्ड सार्वभौमिक है और इसकी कोई आय सीमा नहीं है, चाहे वह गरीब हो, मध्यम वर्ग या उच्च वर्ग।
- योजना के विस्तारित दायरे के अंतर्गत, पात्र वरिष्ठ नागरिक, जो पहले से ही एबी-पीएमजेएवाई के तहत कवर किए गए परिवारों से संबंधित हैं, उन्हें अपने लिए **प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का अतिरिक्त टॉप-अप कवर मिलेगा,** जो परिवार को पहले से दिए जा रहे 5 लाख रुपये के अतिरिक्त होगा।

## राष्ट्रीय एकता दिवस

भारत में प्रत्येक वर्ष **31 अक्टूबर** को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**प्रमुख बिंदु -**

- वर्ष 2024 में **10वा** राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया।
- यह दिवस सरदार **वल्लभभाई पटेल की जयंती** के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जो भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति थे ।
- राष्ट्रीय एकता दिवस विभिन्न रियासतों को एक राष्ट्र में एकीकृत करने के उनके प्रयासों की याद दिलाता है और भारत के लोगों में एकता की भावना को बढ़ावा देता है।
- राष्ट्रीय एकीकरण के प्रति अडिग प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध, सरदार वल्लभभाई पटेल को **"भारत के लौह पुरुष"** के रूप में याद किया जाता है।
- **10वें राष्ट्रीय एकता दिवस** पर प्रधानमंत्री द्वारा **गुजरात के नर्मदा जिले में स्थित एकता नगर (केवड़िया)** में **280 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न बुनियादी ढांचा और विकास परियोजनाओं** का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य पर्यटकों के अनुभव को बढ़ाना, सुगमता में सुधार करना और स्थिरता पहलों का समर्थन करना है।



**सरदार वल्लभभाई पटेल के बारे में -**

- **जन्म** - 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नाडियाड में।
- वे पेशे से एक सफल वकील थे, महात्मा गांधी ने उन्हें **1918 में खेड़ा सत्याग्रह का नेतृत्व** करने के लिए अपना डिप्टी कमांडर चुना था।
- वर्ष 1924 में, उन्हें **अहमदाबाद म्यूनिसिपल बोर्ड का अध्यक्ष** चुना गया था जहां उन्होंने अहमदाबाद की जल निकासी, सफाई, स्वच्छता और जल वितरण प्रणालियों को नया रूप दिया था।

- **1928 के बारडोली सत्याग्रह** में उनकी भूमिका ने उन्हें राष्ट्रीय गौरव की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया था और यहीं पर उन्हें **'सरदार'** की उपाधि मिली थी।
- स्वतंत्रता के समय भारत में **17 ब्रिटिश भारतीय प्रांत और 560 से अधिक रियासतें** शामिल थीं। सरदार वल्लभभाई पटेल ने रियासतों के विलय को सुनिश्चित करने और उन्हें भारत संघ में एकीकृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
- 15 अगस्त 1947 को, सरदार वल्लभभाई पटेल ने **पहले उप प्रधान मंत्री** के साथ-साथ **स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री** के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने सूचना और प्रसारण मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला था।

### स्टैच्यू ऑफ यूनिटी

- **31 अक्टूबर, 2018** को गुजरात के केवड़िया जिले में **दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा - स्टैच्यू ऑफ यूनिटी** का उद्घाटन किया गया था।
- यह प्रतिमा **182 मीटर** (लगभग 600 फीट) ऊंची है, जो स्वतंत्र भारत के निर्माता सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित है।
- यह प्रतिमा नर्मदा नदी के ऊपर स्थित है।

## विशेष अभियान 4.0

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग में लंबित मामलों के निपटारे तथा निर्णय लेने में दक्षता हासिल करने के लिए विशेष अभियान 4.0 जोरों पर है।

### प्रमुख बिंदु -

- प्रधानमंत्री के स्वच्छता को संस्थागत बनाने और कार्यस्थल की कार्यकुशलता बढ़ाने के राष्ट्रीय दृष्टिकोण से प्रेरणा लेते हुए कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने अपने संबद्ध और अधीनस्थ संगठनों के साथ विशेष अभियान 4.0 के मुख्य चरण में भाग लिया।
- **2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2024** तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता में प्रभावशाली, केंद्रित और महत्वपूर्ण सुधार करना और कार्यालय में लंबित मामलों में कमी लाना है।
- अभियान के दौरान, **कार्य वातावरण में समग्र सुधार लाने तथा कर्मचारियों के लिए कार्यालय अनुभव को बेहतर बनाने पर ध्यान** केंद्रित किया गया।
- **रिकॉर्ड प्रबंधन :** अभियान की शुरुआत के बाद से, 31,000 से अधिक फाइलों और 4,800 से अधिक ई-फाइलों की समीक्षा की गई है।
  - लगभग 10,000 फाइलों की पहचान की गई है और 3,500 फाइलों को हटाया गया है साथ ही 90 फाइलें भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार भेजी गई हैं। अब तक 1,500 से अधिक ई-फाइलें बंद की जा चुकी हैं।

## चर्चित व्यक्तित्व- खेल

### मैथ्यू वेड

ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर-बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने **अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास** की घोषणा की है। अब वे राष्ट्रीय टीम के साथ सहायक कोच की भूमिका निभाएंगे।

उन्होंने **2021** में ऑस्ट्रेलिया को अपना पहला **टी20 विश्व कप** दिलाने में प्रमुख भूमिका निभाई थी।

वेड ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 36 टेस्ट मैच, 97 वनडे और 92 टी20 मैच खेले हैं, उन्होंने वनडे और टी20 टीमों की कप्तानी भी की है।



## चर्चित व्यक्तित्व - उपलब्धि

### रेचल गुप्ता

पंजाब के जालंधर की रहने वाली **20 वर्षीय रेचल गुप्ता** को मिस ग्रैंड इंटरनेशनल (एमजीआई) 2024 का ताज पहनाया गया है।

मिस ग्रैंड इंटरनेशनल 2024, 12वीं मिस ग्रैंड इंटरनेशनल प्रतियोगिता थी, जिसका आयोजन 25 अक्टूबर 2024 को **थाईलैंड के बैंकॉक** में एमजीआई हॉल में किया गया था।

एमजीआई के इतिहास में गोल्डन क्राउन जीतने वाली रेचल पहली भारतीय हैं।




रेचल ने मिस सुपर टैलेंट ऑफ़ द वर्ल्ड 2022 का खिताब भी जीता था।

## खेल

- स्पेन के फुटबॉलर **रोड्रिगो हर्नांडेज कैस्केन्टे** ने **बैलन डीओर 2024** का पुरस्कार जीता है। उन्होंने रियल मैड्रिड के स्टार विनीसियस जूनियर और जूड बेलिंगहैम को मात देकर यह पुरस्कार जीता है।
- बार्सिलोना की मिडफील्डर **ऐताना बोनमाटी** ने लगातार दूसरे वर्ष **महिला बैलन डी'ओर** जीता है
- **कार्लो एंसेलोटी** को पुरुष कोच ऑफ द ईयर और **रियल मैड्रिड** को पुरुष क्लब ऑफ द ईयर चुना गया।

**नोट :** बैलोन डीओर फुटबॉल का सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड है, जो व्यक्तिगत तौर पर खिलाड़ी को दिए जाने वाला सम्मान है।

## अन्य राज्यों से महत्वपूर्ण समसामयिकी

### कर्नाटक

- कर्नाटक सरकार ने प्रारंभिक और विकास-चरण वाले स्टार्ट-अप्स को वित्तपोषण संबंधी मुद्दों का समाधान करके उनके विकास को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए दो प्रमुख कार्यक्रम – **एलिवेट 2024 और कर्नाटक एक्सेलेरेशन नेटवर्क (केएएन)** शुरू किए हैं।
- एलिवेट 2024 एक **अनुदान-सहायता बीज निधि** योजना है जिसे राज्य में शुरुआती चरण के स्टार्ट-अप को सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जबकि केएएन एक **त्वरण नेटवर्क** है जो पूरे कर्नाटक में विकास चरण के स्टार्ट-अप के लिए मेंटरशिप, बाजार पहुंच और फंडिंग के अवसर प्रदान करता है।

### हरियाणा

- हरियाणा सरकार ने पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए **राज्य विशिष्ट योजना** लागू की है।
- इस योजना के तहत **किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के लिए वित्तीय सहायता** दी जाती है, साथ ही पंचायतों के लिए शून्य जलाना लक्ष्य भी निर्धारित किया जाता है।
- जीरो बर्निंग लक्ष्य हासिल करने के लिए **रेड जोन पंचायतों को 1 लाख रुपये** की प्रोत्साहन राशि मिलेगी, जबकि **येलो जोन पंचायतों को 50 हजार रुपये** मिलेंगे।

### लद्दाख

- लद्दाख के **बोधखारबू** में वार्षिक **श्रुब-ला महोत्सव** का आयोजन किया गया, जो कारगिल के समर्पित किसानों और उनकी भरपूर फसल के सम्मान में मनाया जाने वाला उत्सव है।
- यह कार्यक्रम सांस्कृतिक अभिव्यक्ति और एकता को बढ़ावा देता है, तथा लद्दाख की समृद्ध परंपराओं को संरक्षित करता है।

## वैश्विक समसामयिकी

### ज़िम्बाब्वे

- ज़िम्बाब्वे की राजधानी हरारे में **जलवायु और स्वास्थ्य अफ्रीका सम्मेलन (CHAC 2024)** का आयोजन किया गया।
- यह एक ऐसा सम्मेलन है जो **अफ्रीका को जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य के प्रतिच्छेदन पर वैश्विक संवाद** में लाता है।
- **29-31 अक्टूबर** तक चलने वाले तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य अफ्रीका में स्वास्थ्य और कल्याण पर जलवायु परिवर्तन के हानिकारक स्वास्थ्य प्रभावों से निपटने की तत्काल आवश्यकता को संबोधित करना है।

ONLYIAS BY PHYSICS WALLAH

## विविध

❖ भारतीय रेलवे ने स्विट्जरलैंड के पर्यावरण, परिवहन और संचार विभाग के साथ दोनों देशों के बीच तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इससे **भारतीय रेलवे को प्रौद्योगिकी साझाकरण, ट्रैक रख-रखाव, प्रबंधन और निर्माण सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए व्यापक ढांचा** प्रदान करेगा।

❍❍❍❍